डॉ. के. श्रीनिवासराव
सचिव
Dr. K. Sreenivasarao
Secretary

साहित्य अकादेमी
(राष्ट्रीय साहित्य संस्थान)
संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्तशासी संस्था
Sahitya Akademi
(National Academy of Letters)
An Autonomous Organisation of Government of India, Ministry of Culture

सा.अ.16 / 14 / बी.एस. / पी.एन. /

15 जून 2024

# प्रेस विज्ञप्ति
## साहित्य अकादेमी भाषा सम्मान 2023

साहित्य अकादेमी के अध्यक्ष श्री माधव कौशिक की अध्यक्षता में स्टैचू ऑफ़ यूनिटी, केवड़िया, गुजरात में शनिवार, 15 जून 2023 को आयोजित अकादेमी की कार्यकारी मंडल की बैठक में **वर्ष 2023 के लिए उत्तरी तथा दक्षिणी क्षेत्र से कालजयी और मध्यकालीन साहित्य में बहुमूल्य योगदान** के लिए दो लेखकों / विद्वानों को साहित्य अकादेमी भाषा सम्मान हेतु अनुमोदित किया गया।

भाषा सम्मान से सम्मानित विद्वान को साहित्य अकादेमी के अध्यक्ष द्वारा बाद में आयोजित एक विशेष समारोह में पुरस्कार स्वरूप 1,00,000/– रुपए की राशि, उत्कीर्ण ताम्रफलक और प्रशस्ति–पत्र प्रदान किए जाएँगे। भाषा सम्मान विजेताओं का संक्षिप्त परिचय तथा निर्णायक समिति के सदस्यों के नाम, जिनके निर्णय पर भाषा सम्मान की घोषणा की गई है, निम्नलिखित हैं :

### उत्तरी क्षेत्र (2023)

**प्रो. अवतार सिंह** पंजाबी के सेवानिवृत्त प्रोफ़ेसर, निबंधकार, वक्ता और जीवनीकार हैं। आपने तीन किताबें लिखी हैं, जिनमें *सिख संत, रत्नावली* और *एक निबंधकार–कपूर सिंह* शामिल हैं। आप एक बेहतरीन निबंधकार हैं। आप नए युग के निबंधकार, जो डिजिटल प्लेटफॉर्म फेसबुक पर अपने विचार लिखते हैं, लोगों की चिंता के मुद्दों पर चिंतन करते हैं और उन्हें उनकी सच्ची रोशनी में दिखाते हैं। आप पंजाबी भाषा के असाधारण अभ्यासी हैं। आपने कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठियों और सम्मेलनों में भाग लिया है, तथा कालजयी और मध्यकालीन साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान दिया है।
**निर्णायक मंडल के सदस्य : प्रो. जसपाल सिंह, डॉ. शीन काफ़ निजाम और डॉ. रजनीश कुमार मिश्र।**

### दक्षिणी क्षेत्र (2023)

**डॉ. के.जी. पॉलोज** केरल विश्वविद्यालय के संस्कृत विद्वान हैं। आप अंग्रेज़ी, संस्कृत और मलयाळम् भाषाओं के ज्ञाता हैं। आपने कालजयी और मध्यकालीन साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान दिया है। आपने अंग्रेज़ी तथा मलयाळम् में 20 पुस्तकें लिखी हैं और पचास से अधिक पुस्तकों का संपादन किया है। आपने रंगमंच, साहित्यिक आलोचना, सामाजिक और समकालीन मुद्दों के विभिन्न पहलुओं पर 50 शोधपत्र और संस्कृत में सौ से अधिक आलेख प्रकाशित किए हैं। आप विभिन्न शैक्षणिक पदों से जुड़े हुए हैं। डॉ. पॉलोज को कई पुरस्कार प्राप्त किए हैं, जिनमें केरल संस्कृत अकादमी पुरस्कार, अबुधाबी शक्ति पुरस्कार, केरल संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार, डॉ. सी.पी. मेनन स्मारक पुरस्कार शामिल हैं।
**निर्णायक मंडल के सदस्य : डॉ. सी. राजेंद्रन, डॉ. आर. अनंत पद्मनाभ राव और डॉ. हम्पा नागराजैया।**

प्रकाशन / प्रसारण हेतु जारी।

(के. श्रीनिवासराव)

रवींद्र भवन, 35 फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली-110 001, दूरभाष : +91-11-2338 7064, 2307 3002, फ़ैक्स : +91-11-2338 2428
Rabindra Bhavan, 35 Ferozeshah Road, New Delhi-110 001, Phone: +91-11-2338 7064, 2307 3002, Fax +91-11-2338 2428
E-mail: secretary@sahitya-akademi.gov.in, Website: http//www.sahitya-akademi.gov.in